<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

25.11.2021

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा दिया गया प्रेरक व्याख्यान

आज दिनांक 25-11-2021 को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर सुप्रिया ढांडा द्वारा विद्यालय के ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया । इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की सदप्रेरणा से हुआ। व्याख्यान का विषय- "प्रतियोगी परीक्षाओं में इतिहास की भूमिका" रहा। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।